भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

के. रो. सू. संख्या 07/2024

मिनिस्टीरियल और आइसोलेटेड कोटियों के विभिन्न पदों की भर्ती

योग्यता अद्यतन करने के विषय में सूचना

1. 06.01.2025 को प्रकाशित सीईएन संख्या 07/2024 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवारों द्वारा उल्लिखित योग्यताओं में शामिल विषयों का ब्यौरा मांगा जाता है, ताकि प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों की कोटियाँ 30-38, 40-43, 46, 47, 49, 51 और 52 के पदों के लिए उनकी पात्रता के संबंध में सटीक निर्णय लिया जा सके। **जिन उम्मीदवारों ने ऊपर दिए गए पदों के लिए आवेदन किया है और सीबीटी में उपस्थित हुए हैं, उन्हें आवेदन में दी गई योग्यताओं के अनुसार शामिल होने वाले विषयों को अद्यतन और पुष्टि करने का अवसर दिया जाता है।**

2. यदि कोई उम्मीदवार विषयों का विवरण नहीं देता है, तो उसकी पात्रता ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर तथा बिना किसी स्पष्टीकरण लिए तय की जाएगी।

3. उम्मीदवार योग्यताओं में शामिल विषयों का विवरण देने के बाद इन पदों के लिए संशोधित पात्रता का विवरण देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

4. उम्मीदवार कृपया ध्यान दें कि योग्यता में शामिल विषयों का विवरण देने का यह एक मात्र मौका है और इस संबंध में आगे कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। आरआरबी किसी भी अनजाने में हुई गलती या टाइपिंग/प्रिंटिंग की गलतियों को ठीक करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आरआरबी को अयोग्य उम्मीदवारों से पत्राचार को स्वीकार करने में असमर्थता के लिए खेद है।

5. उम्मीदवार www.rrbapply.gov.in पर अपने यूजर क्रेडेंशियल्स के साथ लॉग इन करके अपनी योग्यता को अद्यतन कर सकते हैं। यह लिंक **23/04/2026 09:00 Hrs** से लाइव होगा और **29/04/2026 19:00 Hrs** तक खुला रहेगा।

6. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाईट देखें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों से गुमराह न हों।

7. उम्मीदवारों के लिए हेल्पडेस्क:-

9592-001-188 & 0172-565-3333

rrb.help@csc.gov.in

समय: प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

दिनांक: **22/04/2026**

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

महत्वपूर्ण नोट: उन दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को अवैध रूप से नौकरी के लिए चयनित करने के झूठे वादों के साथ गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कंम्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है।